हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 18 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

10 नक्सलवाद से तंग आकर एक लाख का इनामी नक्सली ...



11 5वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा प्रारम्भ, व्यवस्था रही सुचारू





## खबर संक्षेप

### सबसे कम उम्र के जिपं सदस्य योगेश ने ली शपथ

**लोहंडीगुड़ा।** जिला पंचायत बस्तर के विकासखंड लोहंडीगुड़ा के सबसे कम उम्र के जिला पंचायत सदस्य योगेश बैज ने आज शपथ ली। 28 वर्षीय योगेश बैज इस बार जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 से निर्वाचित हुए हैं। इसके पूर्व वे महज 23 वर्ष की उम्र में जनपद सदस्य बने थे। फिर जनपद पंचायत लोहंडगुड़ा के उपाध्यक्ष बने। उन्होंने एमए राजनीति शास्त्र से की है।



### अफसरों की चेकबुक 24 तक कोषालय में जमा होंगी

**दंतेवाड़ा।** कोषालय अधिकारी ने परिपत्र जारी करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में समस्त आहरण अधिकारियों से चेक बुक कोषालय में 24 मार्च को संध्या 5:30 बजे तक अपने एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के धनादेश पुस्तिका जिला कोषालय दंतेवाड़ा में जमा करने कहा है। वहीं उपयोग किए गये तथा निरंक चेक का विवरण कोषालय को चेक बुक के साथ देने को कहा है। अत्यावश्यक परिस्थितियों में 26 मार्च से 28 मार्च तक कोषालय अधिकारी संचालक बजट से स्वीकृति प्राप्त कर संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को चेक बुक उपलब्ध करायेंगे।

### अग्निवीर सैनिक भर्ती, ऑनलाइन आवेदन लेंगे 10 अप्रैल तक

**सुकमा।** जिला रोजगार एवं प्रशिक्षण केंद्र सुकमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के द्वारा अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमेन 8वीं एवं 10वीं, महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पद हेतु अधिसूचना जारी की गई है। संबंधित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 12 मार्च से लेकर 10 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। इस बार अभ्यर्थी अग्निवीर के दो पदो के लिए अपनी योग्यता अनुसार आवेदन कर सकते है।

### एक ग्रामीण और 4 मवेशियों की मौत मामले में फरार बस चालक गिरफ्तार

**जगदलपुर।** पखवाड़ेभर पूर्व कोड़ेनार थाना क्षेत्र के एनएच 63 स्थित तिरथुम मेनरोड में एक्सीडेंट कर फरार हो गए आरोपी बस चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए घटना को अंजाम दिया गया था जिसमें एक ग्रामीण युवक व चार मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर शेष पेज 10 पर



# फागुन मेला में शामिल 13 सौ से अधिक देवी देवताओं को ससम्मान दी विदाई

## समारोह में टेंपल कमेटी के सदस्य, विधायक, पुजारी और 12 अंकवार हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शक्तिपीठ दंतेवाड़ा में 11 दिवसीय फागुन मेला का समापन आमंत्रित 13 सौ से अधिक देवी देवताओं की ससम्मान विदाई के साथ किया गया। आमंत्रित देवी देवताओं को विदाई के दौरान टेंपल कमेटी के सदस्यों के अलावा विधायक, पुजारी व विभिन्न समाजों के मुखिया 12 अंकवारों की मौजूदगी में किया गया। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष की तरह मां दंतेश्वरी की नगरी दंतेवाड़ा में फागुन मड़ई में विदाई समारोह का आयोजन किया गया विदाई समारोह में पहुंचे 13 सौ से अधिक देवी देवताओं को सम्मानपूर्वक विदाई पुजारियों के द्वारा दी गई। इस विदाई समारोह में टेंपल कमेटी के सदस्य, जिया परिवार, प्रधान पुजारी, 12 अंकवार और स्थानीय विधायक चैतराम अटामी समेत हजारों भक्त शामिल हुए। विदाई समारोह के दौरान आमंत्रित सभी देवी देवताओं को आदरपूर्वक साड़ी, गमछा, लिफाफा व मिट्टी की कोडी भेंट किया गया। मेला में शामिल पुजारियों ने बताया कि की सभी फागुन मेले में देवी को लेकर प्रतिवर्ष की तरह पहुंचे थे। विदाई में टेंपल कमेटी की ओर से सम्मान शेष पेज 10 पर





### मेला में शामिल होने देश विदेश से पहुंचे श्रद्धालु

दंतेश्वरी मंदिर के प्रमुख पुजारी विजेंद्र नाथ जिया ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बस्तर संभाग के अलग जिले के अलावा पड़ोसी राज्य ओडिशा, महाराष्ट्र व आंध्रप्रदेश से देवी देवताओं के साथ सेवादार व पुजारी पहुंचे थे। इनके ठहरने के लिए टेंपल कमेटी द्वारा पूरा प्रबंध किया गया था। फागुन मंडई देखने देश-विदेश से पर्यटक दंतेवाड़ा पहुंचते हैं। फाल्गुन मंडई के अलावा पर्यटक आसपास के पर्यटन स्थलों का भी भ्रमण करते हैं। मेला में आमंत्रित देवी देवताओं को ससम्मान विदाई दी गई।

# सड़क हादसे में घायल पोटाकेबिन छात्र की इलाज के दौरान मौत

## लगातार शिकायत के बाद भी शिक्षा विभाग नहीं दे रहा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

■ प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप

तोंगपाल आवासीय पोटाकेबिन में 7वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र कवासी भीमा की रविवार को मेकाज में इलाज के दौरान मौत हो गई। 10 मार्च को छात्र कोडरीपाल में मेला देखकर बाइक से लौट रहा था इस दौरान सगुनघाट के पास सड़क हादसे का शिकार हो गया। सिर, आंख और गले में चोट आने की वजह से छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने तत्काल उसे डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। करीब एक सप्ताह चले इलाज के बाद रविवार की सुबह छात्र ने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद देर शाम को शव परिजनों को सौंपा गया। इधर छात्र की मौत के बाद परिजनों ने पोटाकेबिन प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। वहीं पोटाकेबिन प्रबंधन का कहना है कि छात्र ने घर में काम का हवाला देकर स्वहस्तलिखित पत्र अपने साथियों के पास छोड़कर चला गया था। मृतक तोंगपाल इलाके के कनकापाल का रहने वाला था। परिजनों का कहना है कि कवासी भीमा पोटाकेबिन से घर आया और मेला देखने चला गया। उन्हें लगा कि छुट्टी पर वह घर आया है। पोटाकेबिन से भी किसी ने यह नहीं बताया कि बच्चा आवेदन छोड़कर आया है। एक्सीडेंट होने के बाद भी पोटाकेबिन प्रबंधन की ओर से किसी ने भी उनसे संपर्क नहीं किया और न ही बच्चे का हाल जाना। परिजनों का दावा है कि आवेदन में हैंडराइटिंग मृतक छात्र का नहीं है। प्रबंधन मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है।

पोटाकेबिन अधीक्षक संतोष ठाकुर ने बताया कि 8 मार्च को कार्यालयीन कार्य के सिलसिले में सुकमा में था उसी दिन छात्र कवासी भीमा छुट्टी के लिए आवेदन बच्चों के पास छोड़कर चला गया। दो दिन बाद जानकारी मिली कि छात्र सड़क हादसे का शिकार हो गया है और इलाज के लिए जगदलपुर ले गए हैं। रविवार की सुबह ही बच्चे की मौत की सूचना ग्रामीणों से प्राप्त हुई।




### कोंटा एकलव्य का छात्र भी हुआ था रोड एक्सीडेंट का शिकार

जिले में आवासीय विद्यालयों में मनमानी थमने का नाम नहीं ले रहा है। फरवरी में कोंटा ब्लॉक मुख्यालय में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का छात्र भी रोड एक्सीडेंट का शिकार हुआ था, जिसमें उसकी मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार छात्र रामाराम मेला देखने आ रहा था। इस दौरान रात में रोड एक्सीडेंट में मौत हो गई। हालांकि उक्त मामले को प्रबंधन व संबंधित विभाग ने किसी तरह दबा दिया। लेकिन आवासीय विद्यालयों में अव्यवस्थाओं और प्रबंधन का गैर जिम्मेदाराना रवैया जारी है।

# अव्यवस्था देख भड़के महापौर

## सफाई व्यवस्था का जायजा लेने सड़क पर उतरे मेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




महापौर संजय पाण्डे सोमवार को शहीद पार्क में गंदगी देख और सफाई में लापरवाही पर भड़क गए। आज सुबह नगर निगम अमले के साथ वे सड़क पर स्वयं निकले। इस दौरान वे शहीद पार्क से लेकर कुम्हारपारा चौक तक सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। महापौर ने एक घंटे तक शहीद पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान पार्क में पहुंचे लोगों ने भी महापौर के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाह कर्मचारियों को शो-काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। औचक निरीक्षण पर संजय पाण्डे पार्षदों के साथ शहीद पार्क पहुंचे। यहां शिकायत मिली थी कि पार्क की नियमित सफाई नहीं होती है। साथ ही टूटे-फूटे झूले से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। पार्क के अंदर शौचालय में पानी की समस्या भी बनी हुई है। शिकायतकर्ताओं द्वारा शिकायत सही पाए जाने पर महापौर कर्मचारियों के ऊपर भड़के। उन्होंने तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कर्मचारियों से पूछा सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी किसकी है।

### जिस अपेक्षा से काम होना चाहिए, नहीं हो रहा

महापौर ने कहा नगर निगम के कर्मचारी काम पर लगे हैं लेकिन जिस अपेक्षा से काम होना चाहिए उस पर लापरवाही बरती जा रही है। इसी बात को लेकर पार्क का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई है। नियमित सफाई की जाए तो बहुत ही कम समय में हम शहर को विकसित करने में बेहतर नतीजा दे पाएंगे। मेयर इन काउंसिल का गठन होने के बाद कामों में कसावट आएगी। पार्षद निर्मल पाणिग्रही, दिलीप दास साथ में मौजूद रहे।

# वाहन जलकर हुआ खाक असामाजिक तत्वों पर शक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

दंतेवाड़ा जिले की व्यावसायिक नगरी गीदम के पुराने अस्पताल परिसर के पास खड़ी होंडा सिटी कार बीती आधी रात जलकर खाक हो गई। यह घटना कैसे हुई फिलहाल स्पष्ट नहीं कहा जा सकता है लेकिन असामाजिक तत्वों पर इस घटना को अंजाम देने की आशंका जताई जा रही है। मिली जानकारी अनुसार वाहन क्रमांक सीजी 04 डी एल 8877 वाहन प्रतिदिन की तरह शनिवार रात में वाहन मालिक सन्तोष कुमार मिश्रा के घर के पास खड़ी थी। वही आधी रात वाहन जलकर खाक हो गई। गीदम थाना क्षेत्र में मुख्य मार्ग किनारे हुई इस घटना से नगर में अन्य वाहन मालिकों में भय व्याप्त है। इधर लोग पुलिस के रात्रि गश्त पर भी सवाल उठाने लगे हैं।

### कल हुआ था विवाद, वाहन जलाने की आशंका

वाहन मालिक संतोष मिश्रा ने बताया कि शनिवार को गाड़ी से नाली का पाइप टूटने को लेकर कुछ लोगों ने शराब पीकर विवाद किया था। जिसके बाद कल देर शाम उसने वाहन खड़ा किया था। तब सुबह 4 बजे गाड़ी में आग लगने की सूचना मिली तब तक गाड़ी पूरी तरह जल चुकी थी। उन्होंने बताया कि इतने सालों से एक ही जगह पर गाड़ी पार्क की जाती रही है आज तक कुछ नहीं हुआ। लेकिन कल विवाद के बाद यह घटना हुई है। ऐसे में विवाद करने वाले लोगों पर आगजनी की आशंका जताई जा रही है, गीदम थाने में इसकी सूचना दी गई है।



### चोरी के सामान सहित आरोपी गिरफ्तार

**जगदलपुर।** बोधघाट पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है। आरोपी द्वारा संतोषी वार्ड में चोरी की घटना को अंजाम देते हुए सिलेण्डर व चिल्हर चोरी किया गया था। रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा गया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी प्रार्थी अभिषेक सिंह ने रपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 16 मार्च की रात उसके घर के छत के उपर रखे पुराने बर्तन व गैस सिलेंडर तथा पड़ोस के घर मे रखे चिल्हर पैसा को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी किया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट थाना बोधघाट में मामला दर्ज कर आरोपी कि गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार शेष पेज 10 पर

### जउयो अंतर्गत 6वीं की चयन परीक्षा 30 को

**सुकमा।** पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कक्षा 6वी में अनुसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं हेतु चयन परीक्षा होगी। चयन के लिए 30 मार्च को दोपहर 12 से 2 बजे तक जिला मुख्यालय में लिखित परीक्षा होगी।

## संचालक ने दी समझाइश जांच करके ही लें

# गीदम में सील पैक एलपीजी सिलेंडर निकला खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



गीदम में मां दंतेश्वरी इंडेन गैस एजेंसी से घर पहुंचा सील पैक गैस सिलेंडर खाली निकला। इसका पता तब चला जब सिलेंडर उपभोक्ता के घर पहुंचने के कुछ दिन बाद उपभोक्ता ने उस सिलेंडर को उठाया। देखा कि सिलेंडर सील पैक है लेकिन वजन से हल्का है। इधर जब इस बारे में इंडेन गैस के ऑफिस में उपभोक्ता ने इसकी जानकारी दी तो ऑफिस कर्मियों ने सिलेंडर वापस लेने से इंकार कर दिया। उपभोक्ता महेंद्र गुप्ता ने बताया कि पिछले माह फरवरी में सिलेंडर घर पहुँचा था उस दिन वह घर पर नही थे, घर मे महिलाएं थी, डिलीवरी बॉय ने सिलेंडर घर मे रख दिया। जब सोमवार को पुराना सिलेंडर खत्म होने के बाद नए रिफिल को लगाने की बारी आई तब वह सील पैक सिलेंडर वजन से हल्का और खाली निकला। इधर इस मामले में गीदम के इंडेन गैस एजेंसी के संचालक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उपभोक्ता को गैस सिलेंडर लिए हुए काफी दिन हो गए थे अगर 2-4 दिन होता तो वापस हो सकता था लेकिन काफी दिन हो गए है, इस बारे में संचालक ने सभी उपभोक्ताओ से गैस सिलेंडर चेक करके ही लेने की बात कही है, उन्होंने बताया कि इसके लिए ऑफिस में पर्चा भी लगवाया जाएगा।

### होम डिलीवरी नहीं लिया तो होगा 30 रुपए तक वापस

इधर गीदम इंडेन गैस एजेंसी के संचालक से जब होम डिलीवरी और नॉन होम डिलीवरी के सम्बंध में बात की गई तो उन्होंने पहले तो स्पष्ट जानकारी नहीं दी। फिर धीरे से उन्होंने बताया कि 5 किमी तक उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी देने की व्यवस्था है। वही अगर कोई उपभोक्ता ऑफिस आकर ही सिलेंडर लेना चाहे तो उस उपभोक्ता को 30 रुपये तक वापस करने का भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को हम होम डिलीवरी की सुविधा भी दे रहे है।

### इधर खुली 30 रुपए वापस देने की पोल

इधर जब मीडियाकर्मी सोमवार शाम मां दंतेश्वरी इंडेन गैस एजेंसी में पहुँचे और यहां गोदाम से सिलेंडर लेकर जा रहे कुछ लोगों से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि उनसे 891 रुपए लिए गए हैं। उन्हें 30 रुपए वापस करने की कोई जानकारी नही दी गई है, इसलिए उन्होंने कोई पैसे वापस नहीं लिए हैं।



